25वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का हुआ समापन

चर्चा में क्यों?

22 दिसंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के पन्ना ज़िले के तलैया फील्ड मैदान में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन हुआ, जिसमें पुरुष वर्ग में गुजरात एवं महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल चैंपियन बना।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि 25वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ 16 दिसंबर को किया गया था। इस दौरान पुरुष एवं बालिका वर्ग में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश की टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- 25वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में पुरूष वर्ग में गुजरात एवं हरियाणा के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें गुजरात विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। कर्नाटक की टीम तीसरे एवं उत्तर प्रदेश की टीम चौथे स्थान पर रही।
- इसी प्रकार महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल एवं राजस्थान के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें पश्चिम बंगाल विजेता और राजस्थान की टीम उपविजेता रही, जबकि गुजरात की टीम तृतीय व तमिलनाडु की टीम चतुर्थ स्थान पर रही।
- अलग-अलग वर्ग में विजेता टीम को 51 हज़ार रुपए और प्रत्येक खिलाड़ी को 3-3 हज़ार रुपए का पुरस्कार, गोल्ड मैडल एवं ट्राफी प्रदान की गई। उपविजेता टीम को 31 हज़ार रुपए एवं प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 हज़ार रुपए का पुरस्कार, सिल्वर मैडल प्रदान किया गया। तृतीय स्थान की टीम को 21 हज़ार रुपए व चतुर्थ स्थान की टीम को 11 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/25th-national-volleyball-championship